डॉ. साराभाई के बाद भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रमुख के रूप में कार्य करते हुए प्रो. सतीश धवन ने स्वदेशी प्रयासों के माध्यम से अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के विकास में अहम योगदान दिया। उन्होंने देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय उद्योगों की भागीदारी पर जोर दिया। प्रो. सतीश धवन के उत्तराधिकारियों के रूप में प्रो. यू. आर. राव, डा. के. कस्तूरीरंगन, डॉ. जी माधवन नायर

और डॉ. राधाकृष्णन ने अपने स्वयं के अद्वितिय प्रयासों से भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को अहम स्थान पर पहुंचाया।

विक्रम साराभाई

आरंभ

आज भारत को कई अंतरिक्ष गतिविधियों के संचालन के बाद विश्व के कुछ प्रमुख देशों में से एक माना जाता है। हालांकि, भारत सरकार द्वारा भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को सन् 1962 में अंतरिक्ष अनुसंधान पर भारतीय राष्ट्रीय समिति के गठन के साथ मामूली तौर पर शुरू किया था। 21 नवंबर, 1963 में तिरुवनंतपुरम के निकट थुम्बा से 28 फुट लंबे एक अमेरिकी ध्वनि रॉकेट 'निक आपचे' के प्रक्षेपण के साथ औपचारिक तौर पर अंतरिक्ष संबंधी कार्यक्रम आरंभ हुए। इसके द्वारा ऊपरी वायुमंडल में हवाओं के अध्ययन के लिए एक छोटा सा फ्रेंच पेलोड (वैज्ञानिक उपकरण) ले जाया गया था। ध्वनि रॉकेट एक छोटा अनुसंधान रॉकेट था जो ऊपरी वायुमंडल और अंतरिक्ष के अध्ययन करने के लिए उपकरणों को ले गया था। यह प्रक्षेपित उपग्रह नहीं था।

लगभग 50 साल बाद, 9 सितंबर, 2012 को भारत ने अपने 100वें अंतरिक्ष मिशन का जश्न मनाया। इस ऐतिहासिक मिशन को भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी–सी 21) द्वारा पूरा किया

'निक आपचे' का प्रक्षेपण

गया जिसके द्वारा एक फ्रांसीसी और एक जापानी उपग्रह, जिनका कुल भार लगभग 750 किलो था, को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया। इससे भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की यात्रा की झलक मिलने के साथ ही अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की महारत के बारे में पता लगता है।

1960 के दशक के दौरान, भारत ने मुख्यतया ध्वन्यात्मक रॉकेटों के माध्यम से अंतरिक्ष अनुसंधान को पूर्ण किया। लेकिन, देश ने संचार उपग्रहों के माध्यम से जमीनी स्टेशन स्थापित करके विभिन्न उपयोगी प्रयोगों को संचालित किया।

पीएसएलवी–सी 21 भारत का 100वां प्रक्षेपित अंतरिक्ष अभियान था

भारत की अंतरिक्ष क्षमता

भारत के अंतरिक्ष विभाग के माध्यम से देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को लागू करने की जिम्मेदारी अंतरिक्ष एजेंसी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन पर है जिसे व्यापक रूप से 'इसरो' के नाम में जाना जाता है। इसकी स्थापना सन् 1969 में की गयी थी। इसी वर्ष मनुष्य ने पहली बार चंद्रमा पर कदम रखा था।

वर्तमान में इसरो के विभिन्न केन्द्र पूरे भारत में फैले हुए हैं। इनमें से एक तिरुवनंतपुरम में स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) है जो विशाल उपग्रहों को लांच करने में एवं सक्षम रॉकेटों की डिजाइन करने में समर्थ हैं। इसी शहर में तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) स्थित है जो तरल रॉकेट इंजनों का विकास करने के साथ ही अधिक कुशल और अत्यधिक जटिल क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन विकसित करता है।

बैंगलोर को भारत के अंतरिक्ष शहर के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर भारतीय उपग्रहों के निर्माण करने वाली संस्था इसरो उपग्रह केंद्र (आईएसएसी) सहित अंतरिक्ष संबंधित अनेक सुविधाएं प्रदान करने वाली संस्थाएं कार्यरत हैं। प्रसिद्ध अंतरिक्ष यान चंद्रयान–1, जिसने चंद्रमा पर पानी की निर्णायक खोज की है उसे भी यहीं बनाया गया था। हालांकि, इसरो का मुख्यालय और भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का परिचालन करने वाला अंतरिक्ष विभाग भी बैंगलोर में ही स्थित है। इसरो के अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र द्वारा उपग्रहों के लिए इस तरह के पेलोड विकसित किए जाते है।

नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) इसरो का एक अन्य महत्वपूर्ण केंद्र है। यह हैदराबाद में स्थित है। यह भारत के दूरसंवेदी उपग्रहों द्वारा भेजे गए चित्रों को रेडियो तरंगों के रूप में प्राप्त करने का महत्वपूर्ण कार्य करता है।

एनआरएससी ऐसे चित्रों को सटीक बनाने और उनका विवरण स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने के लिए उन चित्रों को संसाधित (प्रोसेस) करता है। केंद्र उन चित्रों को व्यवस्थित ढंग से संग्रहित करते हुए उन्हें भारत में वितरित करता है।

बंगाल की खाड़ी में श्रीहरिकोटा द्वीप पर इसरो का सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र स्थापित है। यह स्थान भारत के अंतरिक्ष बंदरगाह के नाम से विख्यात है। श्रीहरिकोटा, चेन्नई के उत्तर में लगभग 80 किमी दूर आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में स्थित है। यहीं से भारत में निर्मित 38 रॉकेटों को अंतरिक्ष की ओर प्रक्षेपित (अप्रैल 2013 तक) किया गया है। यहां पर विशाल उपग्रह प्रक्षेपण वाहनों को इकट्ठा करने के साथ ही उन्हें प्रक्षेपित करने और ट्रैक करने की सुविधा मौजूद है।

उपग्रह युग में

1970 के दशक में, भारत ने अपने पहले उपग्रह आर्यभट्ट के प्रक्षेपण के साथ अंतरिक्ष में एक विशाल छलांग लगाई। प्रसिद्ध भारतीय खगोलशास्त्री के नाम पर प्रक्षेपित इस उपग्रह का प्रक्षेपण के दौरान वजन लगभग 360 किलोग्राम था।

आर्यभट्ट कई तलों (बहुतल) के साथ एक बड़े बॉक्स की तरह दिखता था। उपग्रह की पूरी सतह को सोर सैलों से ढका गया था जो सूर्य प्रकाश के संपर्क में आने पर विद्युत उत्पादित करते थे। उपग्रह की तरह एक परिष्कृत उपकरण के निर्माण में शामिल चुनौतियों को समझने के लिए आर्यभट्ट का निर्माण किया गया था। फिर भी, यह एक वैज्ञानिक उपग्रह था, क्योंकि यह सूर्य, दूर के खगोलीय पिंडों और पृथ्वी के आयनमंडल का अध्ययन करने वाले तीन वैज्ञानिक उपकरणों को ले गया था। 19 अप्रैल, 1975 को सोवियत संघ के एक रॉकेट द्वारा आर्यभट्ट को पृथ्वी से 600 किलोमीटर ऊंची एक कक्षा में स्थापित किया गया। आर्यभट्ट ने भारत के उपग्रह कार्यक्रम की आधारशिला रखी। भारतीय वैज्ञानिकों ने आगे बढ़ते हुए भास्कर 1 उपग्रह के निर्माण का कार्य शुरू किया। इस उपग्रह का लक्ष्य पृथ्वी के अवलोकनों से संबंधित था।



आर्यभट्ट उपग्रह

जून 1979 में भास्कर उपग्रह को भी सोवियत संघ के एक रॉकेट द्वारा कक्षा में स्थापित किया गया। यह पृथ्वी की सतह की तस्वीरें लेने के लिए अपने साथ एक टीवी कैमरा भी ले गया। इसके अलावा, यह अपने साथ एक 'माइक्रोवेव रेडियोमीटर' भी ले गया था जो पृथ्वी का अध्ययन करने वाला एक उपकरण था। इसी तरह एक अन्य उपग्रह, भास्कर द्वितीय को

सोवियत संघ के रॉकेट द्वारा 1981 में प्रक्षेपित किया गया था। भास्कर कार्यक्रम से प्राप्त अनुभवों ने भारतीय सुदूर संवेदन (इंडियन रिमोट सेंसिंग–आईआरएस) उपग्रह कार्यक्रम के लिए नींव तैयार की।

भू–समकालिक कक्षा पृथ्वी की, सतह से 36,000 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित होती है, जो निश्चित रूप से, पृथ्वी से चंद्रमा की दूर का लगभग दसवां हिस्सा है। इस ऊंचाई पर स्थित उपग्रह पृथ्वी का एक पूरा चक्कर 24 घंटे में लगाता है, इतने ही समय में पृथ्वी अपने अक्ष पर एक पूरा चक्कर भी लगाती है। क्योंकि पृथ्वी अपनी ही धुरी के चारों ओर घूमने में 24 घंटों का समय लेती है इसीलिए उपग्रह की गति पृथ्वी की कक्षा के साथ मिलायी जाती है। इस प्रकार इसका नाम 'भू–समकालिक कक्षा' है। इस तरह भूमध्य रेखा के ऊपर स्थित कक्षा में स्थापित किए गए उपग्रह को भूस्थिर उपग्रह कहा जाता है।

1970 के दशक के अंतिम समय और 80 के दशक में, इसरो के वैज्ञानिकों ने रोहिणी श्रृंखला के उपग्रहों का निर्माण करते हुए उपग्रहों के निर्माण में अतिरिक्त अनुभव प्राप्त किया। रोहिणी उपग्रहों को भारत के पहले स्वदेशी प्रक्षेपण यान एसएलवी–3 द्वारा प्रक्षेपित किया गया था।

विकास के एक माध्यम के रूप में उपग्रह

1980 के दशक के आरंभिक दौर में, कृत्रिम पृथ्वी उपग्रहों के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह–1बी (इनसैट–1बी) द्वारा भारत में टेलीविजन प्रसारण और दूरसंचार क्षेत्रों में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गयी। इनसैट–1 श्रृंखला का दूसरा उपग्रह था। अपने पूर्ववर्ती इनसैट–1ए की विफलता की वजह से भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक इसे लेकर बहुत ज्यादा चिंतित थे, लेकिन इनसैट–1 बी ने बहुत ही कम और अकल्पनीय समय में भारत में दूरसंचार, टेलीविजन प्रसारण और मौसम की भविष्यवाणी आदि क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन किया।



इनसैट–1बी

इनसैट–1बी द्वारा देश भर में टेलीफोन, टेलीग्राफ और फैक्स जैसी आवश्यक दूरसंचार सुविधाओं के विस्तार में तेजी लायी गयी। भारत की ग्रामीण आबादी तक आसानी से ऐसी सुविधाओं की पहुँच ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त प्रभाव डाला था। इनसैट–1 बी के माध्यम से, पहाड़ों, दुर्गम और अलग–थलग समझे जाने वाले क्षेत्रों जैसे उत्तर और उत्तरपूर्वी भारत सहित अंडमान और लक्षद्वीप जैसे द्वीपीय प्रदेशों को तेजी से राष्ट्रीय मुख्यधारा में लाया जा सका।

स्वदेश निर्मित इनसैटों की सेवाओं का विस्तार

स्वदेश में निर्मित इनसैट–2 उपग्रहों की सेवाएं आरंभिक उपग्रह इनसैट–1 की तुलना में डेढ़ गुनी एवं भार लगभग दोगुना था। इनसैट–1 की तरह यह भी दूरसंचार एवं टीवी प्रसारण के लिए ट्रांसपोंडर और मौसम

की निगरानी के लिए उपकरणों को ले गया। इसके अलावा, यह विशेष ट्रांसमीटरों द्वारा भेजे गए संवेदन संकट संकेतों एवं खतरे में फंसे हुए व्यक्तियों द्वारा प्रेषित संकेतों को भी ले गया था।

कुछ ही वर्षों में इनसैट–2 शृंखला के तीन और उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया। उनमें 'मोबाइल सेवा ट्रांसपोंडर' भी प्रक्षेपित किए गए थे जो उपग्रह और उपयोगकर्ताओं के बीच संचार की सुविधा प्रदान करते थे।



इनसैट–2ए

इन उपग्रहों के अलावा विशेष रूप से उल्लेखनीय उपग्रह जीसैट–3 या एडुसैट है, जो शैक्षिक क्षेत्र के लिए समर्पित उपग्रह है। इस उपग्रह ने इसरो के दूर शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। आज, देश में एडुसैट नेटवर्क के माध्यम से 56,000 कक्षाएं चल रही हैं।

इनसैट एवं जीसैट उपग्रहों द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य सेवाओं में टेलीमेडिसिन सेवा प्रमुख है। इसरो के टेलीमेडिसिन कार्यक्रम के अंतर्गत उपग्रह के माध्यम से दृश्य–श्रृव्य सुविधाओं की मदद से ग्रामीण अस्पतालों के रोगियों को शहरी क्षेत्रों के सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के चिकित्सकों द्वारा परामर्श संपन्न कराया जाता है।

एडुसैट

जीसैट उपग्रहों की शृंखला का एक और दिलचस्प पहलू जीसैट–8 और 10 हैं, जिन्हें क्रमशः 2011 और 2012 में प्रक्षेपित किया गया था, जिनमें 'गगन' नामक ट्रांसपोंडर था जो नेविगेशन संकेतों का प्रसारण करता है। अमेरिका के नेविगेशन उपग्रहों की जीपीएस शृंखला द्वारा प्रसारित नेविगेशन संकेतों को गगन कार्यक्रम द्वारा दक्ष एवं विश्वसनीय बनाने के साथ संकेतों की उपलब्धता को बढ़ाया गया। संचार उपग्रहों के अलावा, भारत ने बड़ी संख्या में दूसरे प्रकार के उपग्रहों का निर्माण भी किया। इनको सुदूर संवेदन उपग्रह कहा जाता है। वास्तव में, सुदूर संवेदी उपग्रहों के क्षेत्र में आज भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है।

आकाश की आंखें

तो, ये दूरसंवेदी उपग्रहों क्या होते हैं? वो क्या करते हैं? वे समाज के लिए किस तरह उपयोगी होते हैं?

इन्हें समझने के लिए, सबसे पहले हम 'रिमोट सेंसिंग' यानी सुदूर संवेदन शब्द को समझना आरंभ करते हैं। जब हम रिमोट सेंसिंग कहते हैं, तो इसका मतलब है कि यह बिना किसी भौतिक संपर्क के एक वस्तु या एक घटना के बारे में जानकारी इकट्ठा करने का तरीका है। पृथ्वी से सैकड़ों किलोमीटर की ऊंचाई पर चक्कर लगा रहे उपग्रहों में बहुत ही उच्च संवेदनशील दूरसंवेदी कैमरे या रेडार लगे होते हैं। ऐसे उपग्रहों को दूरसेंवदी उपग्रह यानी रिमोट सेंसिंग उपग्रह के रूप में जाना जाता है। इनके द्वारा लिए गए चित्रों को रेडियो तरंगो के माध्यम से भूमिकेंद्रों तक पहुंचाते हैं। ऐसे चित्रों को जिनके विभिन्न रंगों को काली या सफेद में लिया जाता है, उनमें बहुत अधिक विवरण होता है। प्रशिक्षित वैज्ञानिक इन चित्रों को कम्प्यूटर के माध्यम से विश्लेषित और संसाधित कर उनसे बहुत सी बातों को समझने का प्रयास करते हैं। सुदूर संवेदन उपग्रहों से प्राप्त चित्रों के अन्य उपयोगों में भूजल उपलब्धता, चट्टानों के रंग के माध्यम से खनिज जमाव, पर्यावरण आंकलन, प्रदूषण स्तर एवं बंजर भूमि का विकास आदि शामिल है।

ज्ञान के लिए जिज्ञासा

संचार उपग्रह, मौसम उपग्रह और दूरसंवेदी उपग्रह ऐसे उपग्रह हैं जिन्होंने हमारे जीवन को आसान और सुरक्षित एवं दिलचस्प बनाया है। इसके अलावा, इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा बनाए गए वैज्ञानिक उपग्रहों द्वारा मानव की ज्ञानपिपाषा को शांत करने सहित विशेष रूप से हमारे ब्रह्मांड को समझने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

चंद्रयान–1 नामक उपग्रह ने और अधिक सटीक होने के साथ ही अंतरिक्ष यान की कुशलता से भारतीय वैज्ञानिकों के कौशल को वैश्विक ख्याति दिलाई। क्योंकि चंद्रयान–1 स्थायी रूप से पृथ्वी का गोल चक्कर लगाने के बजाय अन्य खगोलीय पिंड की ओर भी गया था, इसलिए इसे एक उपग्रह कहने की बजाय एक अंतरिक्ष यान कहना अधिक उपयुक्त होगा है।

कक्षा में परिक्रमा लगाते चंद्रयान–1 का काल्पनिक दृश्य

चंद्रयान–1 ने कम लागत में सार्थक विज्ञान गतिविधियों में भारत की क्षमता, एक सहकारी अंतरिक्ष उद्यम में नेतृत्व करने का सामर्थ्य और निर्धारित समय के भीतर आवश्यक प्रौद्योगिकी को विकसित करने की क्षमता सहित कई चीजों का प्रदर्शन किया। चंद्रयान–1 ने विश्व को भारत की ओर ध्यान देने का गौरव और भारत को सम्मान दिलाने के साथ ही देश के अंदर विद्यार्थी समुदाय को विज्ञान की ओर आकर्षित किया। चंद्रयान–1 न केवल भारतीय अंतरिक्ष



चंद्रयान–1 अंतरिक्ष यान परीक्षण चरणों से गुजरता हुआ

कार्यक्रम के इतिहास में मील का पत्थर बन गया बल्कि इसने भारत के ही इतिहास में भी एक प्रमुख स्थान हासिल किया।

चंद्रयान–1 के मुख्य उद्देश्यों में से एक है चंद्रमा के बारे में ज्ञान का विस्तार करना, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में आगे विकास करना विशेष रूप से उपग्रह या अंतरिक्ष यान के 'उपकरणों' का लघुरूपण करना और भारत के युवा वैज्ञानिकों की एक पीढ़ी को शोध कार्य के लिए चुनौतीपूर्ण अवसर उपलब्ध कराना था।

एक इसरो वैज्ञानिक चंद्रयान–1 के मून इम्पेक्ट प्रोब का निरीक्षण करते हुए

चंद्रयान–1 से संचार स्थापित करने वाला 32 मीटर एंटीना

चंद्रयान ने दूसरे खगोलीय पिंड पर पहुंचने की सफलता को साबित करने के अलावा, चंद्रयान–1 ने चित्रों सहित बहुत अधिक मात्रा में वैज्ञानिक आंकड़ों को एकत्र किया। चंद्रयान–1 ने चंद्रमा पर पानी के अणुओं का पता लगाया था। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक खोज थी।

चंद्रयान–1 को चंद्रमा पर भेजने से पहले वैज्ञानिक चंद्रमा पर पानी की उपस्थिति को लेकर आश्वस्त नहीं थे। तो यह भारत का चंद्रयान–1 ही था जिसने चंद्रमा पर पानी को खोजा। इसके अलावा वैज्ञानिक चंद्रमा की विभिन्न सतहों की ऊंचाई और गहराई को समझने में भी समर्थ हो सके। चंद्रयान–1 अंतरिक्ष में भारत की सफलता का एक प्रतीक बन गया है।

अंतरिक्ष से वापिस लाना

इसरो की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि अंतरिक्ष से किसी वस्तु को सुरक्षित रूप से वापस लाने से संबंधित है। इस संबंध में किए गए प्रयोग को स्पेस कैप्सूल रिकवरी एक्सपेरीमेंट–1 (एसआरई–1) कहा जाता था। 10 जनवरी, 2007 को पीएसएलवी के माध्यम से 550 किलो वजनी एसआरई–1 को प्रक्षेपित किया गया। इसने अगले 12 दिनों तक पृथ्वी सतह से 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर परिक्रमा करते हुए दो प्रयोग किए। इस प्रकार, भारत को पहले ही प्रयास में अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किए गए उपकरणों को वापिस लाने में सफलता मिल गयी।

एक ही रॉकेट के माध्यम से 20 उपग्रहों का प्रक्षेपण मितव्ययी इंजीनियरिंग का एक उदाहरण

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 22 जून 2016 को एक ही रॉकेट के माध्यम से 20 उपग्रहों को प्रक्षेपित करके एक मील का पत्थर स्थापित किया। इसने एक ही मिशन में 10 उपग्रहों को प्रक्षेपित

करने के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया। रूसी रॉकेट द्वारा 2004 में एक ही मिशन में 37 उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के रिकॉर्ड के बाद भारत का स्थान दूसरा है। इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मिशन के अंतर्गत, पीएसएलवी सी 34 रॉकेट ने प्राथमिक कार्टोसैट–2 शृंखला उपग्रह के अलावा भारतीय विश्वविद्यालयों (सत्याभामा विश्वविद्यालय, चेन्नई और कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे) के दो उपग्रहों और गूगल कंपनी के लिए एक उपग्रह सहित 17 विदेशी उपग्रहों को प्रक्षेपित किया। 725.5 किलोग्राम के कार्टोसैट–2 शृंखला के उपग्रह का उपयोग पृथ्वी के अवलोकनों और कार्टोग्राफिक अनुप्रयोगों, शहरी और ग्रामीण अनुप्रयोगों, तटीय भूमि के उपयोग और विनियमन और सड़क नेटवर्किंग जैसे उपयोगिता प्रबंधन में उपयोगी होगा।

बंगाल की खाड़ी के ऊपर एसआरई–1 को वापिस लाया गया

वहां कक्षा में 35 भारतीय उपग्रह हैं और इनके अलावा विदेशी कंपनियों के साथ अनुबंध करार पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद 70 उपग्रहों को अगले पांच साल में प्रक्षेपित किए जाने की जरूरत है। इसलिए इसरो एक मिशन की तुलना में अधिक विभिन्न लांच मिशन के लिए जाना जाएगा।

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम विदेशी राजस्व प्राप्त करने के महत्वपूर्ण स्रोतों में से एक है। इसरो की वाणिज्यिक शाखा ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग 1800 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, और इस राजस्व का एक बड़ा हिस्सा ट्रांसपोंडरों को पट्टे पर देकर प्राप्त किया गया था। 2016–17 के दौरान श्रीहरिकोटा से विभिन्न उपग्रहों का प्रक्षेपण किया जाएगा।

अन्य देशों की तुलना में काफी कम बजट होने के कारण भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम विदेशी कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। न्यूनतम बजट से अधिकतम लाभ प्रदान करने वाले इंजीनियरिंग कार्यक्रम को मितव्ययी इंजीनियरिंग कहा जाता है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम मितव्ययी इंजीनियरिंग का सबसे अच्छा उदाहरण है।

चंद्रयान मिशन की सफलता के बाद मंगल मिशन या मंगलयान के माध्यम से मंगल ग्रह की खोज संबंधी प्रयास आरंभ किए गए। भारत पहले ही प्रयास में मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचने वाला पहला देश बना। मंगलयान की सफलता से भारत को अंतग्रहीय अभियानों में महारत हासिल राष्ट्रों की श्रेणी में रखा गया है।

एयर ब्रिथर प्रणोदन प्रणाली और स्क्रेमजेट रॉकेट इंजन के सफल परीक्षणों ने भारत को दुनिया के अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी दिग्गजों के बीच स्थान दिलाया है। विदेशी उपग्रह प्रक्षेपण संबंधी एंट्रिक्स कॉरपोरेशन के साथ हुए समझौतों के बाद, भविष्य में सरकारी अंतरिक्ष एजेंसी के रूप में इसरो की विकास यात्रा दिनोंदिन बढ़ती जाएगी।

***

17 गुरुत्वीय तरंगों की खोज – भारतीय योगदान

गुरुत्वीय तरंगों की खोज बीसवीं और इक्कीसवीं सदी की एक असधारण खोज है। हालांकि 100 वर्षों पहले अल्बर्ट आइंस्टीन द्वारा सापेक्षता के सामान्य सिद्धांत के आधार पर गुरुत्वीय तरंगों के अस्तित्व की अवधारणा को अनुमान लगाया था। यह भी रोचक तथ्य है कि स्वयं आइंस्टीन को इस बात पर विश्वास नहीं था कि गुरुत्वीय तरंगों को प्रयोगशाला में खोजा जा सकता है। लेकिन उनका ऐसा मानना क्यों था ? क्योंकि गुरुत्वीय तरंगों का आयाम अत्यधिक छोटा (10^{-21} मीटर) था और इस अत्यधिक छोटे यानी एक प्रोटॉन के व्यास के दस लाखवें हिस्से में होने वाले विस्थापन के मापन संबंधी प्रयोग करना संभव नहीं था।

इस सिद्धांत की सुंदरता के आधार पर प्रयोगवादियों ने छोटे से विस्थापन का पता लगाने के लिए उचित प्रयोगों को डिजाइन किया। पिछले 25 वर्षों से 25 से अधिक देशों से लगभग 1000 वैज्ञानिकों ने सक्रिय रूप से इस प्रयोग में कार्य किया। इस प्रयोग में भारत के विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के 37 भारतीय वैज्ञानिक भी शामिल हैं। 14 सितंबर, 2015 को वैज्ञानिकों ने 1.3 अरब साल पहले के गुरुत्वीय तरंगों का पता लगाने में समर्थ हो गए। वो अमेरिका में स्थित दो लेजर इंटरफेरोमीटर गुरुत्वाकर्षण वेधशालाओं (लाइगो) की सुविधाओं का उपयोग कर गुरुत्वीय तरंगों का अवलोकन करने में समर्थ हुए। उन्होंने सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत का प्रयोग करके आइंस्टीन ने जिन तरंग पैटर्न की अवधारणा को प्रस्तुत किया था उनको प्रयोग द्वारा प्राप्त कर लिया गया।

आइंस्टीन ने दर्शाया था कि किसी विशाल पिंडों के आसपास स्थित अंतरिक्ष–समय वक्र होता है। और इस वस्तु के आसपास के क्षेत्र में किसी भी कण को एक सीधी रेखा के बजाय एक घुमावदार मार्ग पर खोजा जा सकता है। कण द्वारा लिए गए वक्र पथ को किसी विशाल पिंड के बल से प्रभावित होने पर दर्शाया जा सकता है। इनके द्वारा गुरुत्वीय क्षेत्र को उत्पादन होता है। एक विशाल पिंड के आसपास की वक्रता पिंड के द्रव्यमान पर निर्भर करेगी। ब्रह्मांड में किसी भी महत्वपूर्ण घटना द्वारा गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में विक्षोभ उत्पन्न होता है जिससे गुरुत्वीय तरंगें प्रसारित होती हैं लाइगो नामक इस वैश्विक प्रयोग में त्रिवेंद्रम और कलकत्ता स्थित आईसर, आईआईटी अहमदाबाद, टीआईएफआर, गणितीय विज्ञान संस्थान, चेन्नई, आयुका, पुणे, रमन अनुसंधान संस्थान, बेंगलौर और भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलूर आदि संस्थानों से 37 भारतीय वैज्ञानिक अपना योगदान दे रहे हैं।

यह मशीन जिसने वैज्ञानिकों को पहली बार गुरुत्वाकर्षण तरंगों की झलक दी वह सबसे उन्नत डिटेक्टरों में से है जो ब्रह्मांड में होने वाले अत्यंत छोटे कंपन के प्रति भी संवेदनशील है। अमेरिका स्थित इन दो भूमिगत डिटेक्टरों को लेजर इंटरफेरोमीटर गुरुत्वाकर्षण वेधशाला या संक्षिप्त नाम लाइगो से जाना

जाता है। वर्तमान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के संयुक्त भारतीय अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अमेरिका ने भारत को लगभग 14 करोड़ डॉलर की अनुमानित लागत के उपकरण प्रदान किए हैं। भारतीय लाइगो उपकरणों का नेतृत्व टीआईएफआर से प्रोफेसर सी एस उन्नीकृष्णन कर रहे हैं। प्रोफेसर उन्नीकृष्णन उन 137 लेखकों में से हैं जिन्होंने फरवरी 2016 में फिजिकल रिव्यू लेटर्स में शोध पत्र प्रकाशित किया है। यह आशा की जाती है कि भारतीय लाइगो कुछ वर्षों के दौरान कार्य करने लगेगा।

गुरुत्वीय तरंगों ने खगोल विज्ञान के लिए एक नयी राह खोल दी है। इस वेधशाला को इंडिगो और लाइगो द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा और संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित लाइगो डिटेक्टरों और इटली स्थित विर्गो के साथ एक समान नेटवर्क को स्थापित किया जाएगा। डिटेक्टर का डिजाइन संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित लाइगो डिटेक्टरों के समान ही होगा।

***

18 संगमग्राम माधवन की खोजें

प्रस्तावना

इस बात में कोई संदेह नहीं है कि वर्तमान में गणित जिस स्तर तक पहुंचा है उसमें सैंकड़ों सालों से भारतीय गणितज्ञों का योगदान है। इन गणितज्ञों में प्राचीन कालीन (आपस्तम्भ, पाथम्बा, बौधायन, कात्यायन, मानव, पाणिनी, पिंगला और याज्ञवल्क्य), शास्त्रीय (वररुचि, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त), मध्यकालीन (नारायण पंडित, भास्कराचार्य, संगमग्राम माधवन, निलकण्ठ सोमायाजि, ज्येस्ठदेव, अच्युता पिशराटि, मेलपथुर नारायण भात्ताथिरी, शंकररावरकन) और आधुनिक समय (श्रीनिवास रामानुजन, हरीश चंद्र, नरेंद्र कर्मकार, एस चंद्रशेखर, एसएन बोस) के गणितज्ञ शामिल हैं। भारतीयों द्वारा विकसित सुंदर संख्या पद्धति (जीरो और दशमलव पद्धति) को आधार बनाकर लाप्लास द्वारा गणितीय विकास किया गया जिसे उन्होंने भारत में विकसित ऐसी स्वदेशी विधि का नाम दिया जिसके दस संकेतों के समुच्चयों का उपयोग करके संभावित संख्या को व्यक्त किया जा सकता है। आज यह विचार इतना आसान लगता है कि इसके महत्व और प्रतिष्ठा को अधिक समय तक सराहा नहीं गया।

इसकी सरलता ने गणना की आधारशिला रखी और अंकगणित को उपयोगी आविष्कार के स्थान पर स्थापित किया। इस आविष्कार को उस समय ओर अधिक महत्व दिया गया जब माना गया कि यह पद्धति प्राचीन काल के दो महान आर्कमिडीज और अपोलोनियस से भी पहले की है। आइंस्टीन ने कहा था कि हमें भारतीयों का आभारी होना चाहिए जिन्होंने हमें गिनना सिखाया।

जब विश्व के बाकी देश ज्ञान से विहीन थे उस समय भारत में गणित विकसित हो रहा था। भारत में गणित का इतिहास लगभग 3000 साल पहले से आरंभ होता है जो शल्वसुत्र (800–600 ईसा पूर्व), आर्यभट्ट, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त, भास्कराचार्य, संगमसंग्राम माधव, नीलण्ठ सोमायाजी, ज्येस्ठदेव, शंकररावरकन से लेकर श्रीनिवास रामानुजन, एस एन बोस, हरिश चंद्रा, प्रशांत चंद्र महालानोबीस सहित आधुनिक समय में नरेंद्र कर्मकार, जयन्त विष्णु नारलीकर, और एस. आर. श्रीनिवासा वर्धन, ई सी जी सुदर्शन और थानु पद्मनाभन जैसे प्रमुख गणितज्ञों तक विस्तारित है।

संगमग्राम माधवन की खोज

मध्यकाल के गणितज्ञों में संगमसंग्राम माधवन का नाम प्रमुख स्थान पर है, जो गुरु–शिष्य परंपरा से जुड़ें थे। उनकी यह परंपरा 14वीं से 18वीं सदी तक चली जिसे केरल स्कूल ऑफ मैथेमेटिक्स के नाम से जाना जाता है। संगमसंग्राम माधवन और उनके स्कूल को पश्चिमी सभ्यता ने, श्री चार्ल्स विश द्वारा सन् 1834 में ट्रांससेक्शन ऑफ एशियाटिक सोसायटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड नामक जर्नल में प्रकाशित शोध पत्रों के शृंखला के कारण जाना। केरल स्कूल के एक सदस्य ज्येष्ठदेव के कार्य विशेष तौर पर उल्लेखनीय है जहां अन्य विद्वान अपने कार्यों को संस्कृत में लिख रहे थे, ज्येष्ठदेव ने गणित और खगोलविज्ञान की अपनी पुस्तक युक्तिभाषा या गणितन्यायसंग्रह को मलयालम में लिखा जिससे उनका कार्य अधिक लोगों तक पहुंच सका।

संगमग्राम माधवन का जन्म स्थान एवं समय

संगमग्राम माधवन का जन्म स्थान के बारे में एकमात्र ज्ञात उनकी पुस्तक वेण्वारोह (या वेनवारोहम) के तेहरवें श्लोक से पता चलता है, जो इस प्रकार हैः

Bekuladhishtitatwena viharoyo visishyate
Grihanamanisoyam syannigenamanimadhava.

उन्हें माधव के नाम से जाना जाता था उनका घर इरन्नलक्कुता कस्बे में था। उनका जन्म नाम इन्निनावाल्ली या इन्निननावाली माधवन नम्बूदिरी था। बाकुलम स्थानीय स्तर पर 'इरान्नी' के नाम से जाना जाता है। उनके घर का नाम इरिन्नाराप्पिली या इरिन्नरावल्ली था। उनका घर बेकुलविशिष्ठ विहार या मलयालम में इरनंजी (बेकुलम) निना पिलाई कहलाता था। इरिन्नाराप्पिली उनकी किसी समय इरिन्नारातिकुटल के नाम से जाना जाता था। उनके गांव का नाम संग्राम ग्राम था। उनके शिष्यों के लेखन कार्यों से उनके जीवन का समय 1350 से 1425 ईस्वी माना जाता है जो न्यूटन, ग्रेगौरी और लाइबनिट्ज के जन्म से लगभग 300 साल पहले का समय है।

संगमग्राम माधव का प्रमुख योगदान

हम जानते हैं कि शून्य और दशमलव संख्या प्रणाली की संकल्पना भारतीय गणितज्ञों का एक प्रमुख योगदान है। हम किसी एक व्यक्ति को शून्य का आविष्कारक नहीं बता सकते। यह संकल्पना वैदिक काल के दौरान भी थी। गणित की दुनिया में एक अन्य महत्वपूर्ण योगदान अनन्त की संकल्पना है जिसका श्रेय संगमग्राम माधव को दिया जाना चाहिए। वह यह दर्शाने में समर्थ थे कि किसी सीमित पद या अनंन्त

पद का योग करके प्राप्त सीमित मान को अनन्त की श्रेणी में दर्शाया जा सकता है। यह रोचक बात ध्यान देने योग्य है कि शून्य और अनन्त का योगदान पूर्णतया भारतीय है जिसने भारतीय दर्शनशास्त्र को व्यापक स्तर तक प्रभावित किया। वहां भारतीय दार्शनिकों के मन में अनन्त की मौलिक संकल्पना हो सकती है। यही कारण था कि हमें ईशावास्य उपनिषद में यह श्लोक मिलता हैः

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।

जिसका अर्थ है वह अन्त है, यह अनन्त है, जब अनन्त में अनन्त का योग किया जाता है तब अनन्त ही बचता है और जब अनन्त से अनन्त घटाया जाता है तब भी अनन्त ही शेष बचता है। यही बात शून्य के लिए भी सही है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि भूतसांख्य संख्याओं के निरूपण में भारतीय शून्य संख्या के साथ अंतरिक्ष तक अनन्त घात को प्रदर्शित किया है। त्रिकोणमीतीय में ज्या और कोज्या के लिए अनंत शृंखला की खोज संबंधी कार्य में संगमग्राम माधव ने अग्रणी भूमिका निभाई थी।

माधव ने अनंत शृंखला सूत्र का उपयोग करके पाई के मान का निरीक्षण करके उसे दशमलव के 11 स्थानों तक सहीं किया जो 3.14159265359 था। हालिया अध्ययन से दर्शाया गया है कि न्यूटन और लाइबनिट्ज के काफी समय पहले गणित की एक प्रमुख शाखा कलन का विकास केरल स्कूल में हुआ था। ज्येष्ठदेव की युक्तिभाष्य पुस्तक न्यूटन और लाइबनिट्ज से सैंकड़ों साल पहले लिखी गयी थी उसमें हमें समाकलन और अवलकन के सूत्र मिलते हैं। यह कहा जा सकता है कि युक्तिभाष्य विश्व की पहली पुस्तक थी जिसमें कलन के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी थी।

संगमग्राम माधव का एक ओर महत्वपूर्ण योगदान ज्या के कोण की उनकी एक सारणी थी जो शून्य से लेकर 90 डिग्री तक 3.75 के अंतराल पर थी। संगमग्राम माधव गोलाकार ज्यामिति में भी विशेषज्ञ था इसीलिए उन्हें आमतौर पर 'गोलविद' (गोलाकार ज्यामिति में विशेषज्ञ) कहा जाता था।

***

19 जुलाई 2016 के बाद की नई उपलब्धियां

1. कार्टोसैट 2 और 103 अन्य उपग्रहों के सफल पीएसएलवी लांच के साथ एक इसरो ने अंतरिक्ष रिक,र्ड बनाया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारत को गर्वान्वित किया जब उसने एक रॉकेट में 104 उपग्रहों को लॉन्च करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। उपग्रह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किए गए, और इसने भारत को इतनी विशाल संख्या में उपग्रहों को एक साथ लॉन्च करने वाला पहला देश बना दिया है।

भारत, अगर अपनी पिछली उपलब्धियों को छोड़ दे, तो वह रूस से काफी आगे निकल गया है। रूस ने सबसे पहले 37 उपग्रह लॉन्च करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। रूस ने 2014 में अपनी उस उपलब्धि को हासिल किया था। इस रिकॉर्ड के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक मिशन में 29 उपग्रहों का शुभारंभ किया था। इसरो ने जून 2008 को पीएसएलवी सी 10 द्वारा पृथ्वी की कक्षा में 10 उपग्रहों को प्रवेश कराया था, तो यह उस समय का यह विश्व रिकॉर्ड था। लेकिन बाद में इसे रूसी और अमेरिकी रॉकेट द्वारा कई बार तोड़ दिया गया।

इसरो ने मंगलवार को लॉन्चिंग के लिए 28 घंटे की उलटी गिनती शुरू कर दी थी, जो कि किसी भी ध्रुवीय उपग्रह को लॉन्च करने के लिए सबसे समय अवधि थी। पीएसएलवी 37 इसरो का मुख्य उपग्रह

है और इसके 39वें मिशन पर, 104 उपग्रहों को ले जाया गया। यह भारत का एकल मिशन लॉन्च का दूसरा प्रयास है और पहली बार उसने एक बार में 23 उपग्रह लॉन्च किए थे। यह मिशन जून 2016 में लॉन्च किया गया था। भारत का सबसे शक्तिशाली रॉकेट XLVARIAN , जिसे महत्वपूर्ण चंद्रयान उपग्रह में इस्तेमाल किया गया था और मार्स आर्बिटर मिशन (MOM) के दौरान इस लॉन्च में भी इसरो के द्वारा इसका इस्तेमाल किया गया था। इस लॉन्च में, 100 उपग्रह विदेशी हैं, जिनमें से कुछ अमेरिका से भी हैं और शेष 3 भारत से संबंधित हैं, जो स्वयं ही एक बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले, इसरो ने जनवरी के अंत तक 83 उपग्रहों को लॉन्च करने की योजना बनाई थी। लेकिन बाद में 20 और जोड़े गए। प्रधान मंत्री मोदी द्वारा संरक्षित दक्षिण एशियाई उपग्रह परियोजना मार्च 2017 में लॉन्च हुई और यह जी सैट 9 का हिस्सा था, जिसे मार्च 2017 में लॉन्च किया गया। इस बीच, मोदी जी ने पीएसएलवी सी 37 और कार्टोसेट (CARTOSAT) उपग्रह के सफल प्रक्षेपण के लिए 103 नैनोसेटेलाइट के साथ अंतरिक्ष संगठन को बधाई दी।

यह इसरो का 2017 में पहला अंतरिक्ष मिशन था और अब तक का सबसे जटिल मिशन भी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने इस ऐतिहासिक घटना के लिए अंतरिक्ष एजेंसी को बधाई दी थी जो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को काफी हद तक बढ़ावा देता है। पीएसएलवी सी 37/कार्टोसेट 2 श्रृंखला उपग्रह मिशन में प्राथमिक उपग्रह (कार्टोसेट 2) और 101 अंतर्राष्ट्रीय नैनो उपग्रह शामिल थे। इसने अपने दो नैनो उपग्रहों को लॉन्च किया, प्छै 1। और INS1 BAपीएसएलवी ने पहली बार ध्रुवीय सूर्य की समकालीन कक्षाओं तक पहुंचने के लिए प्छै 1 । और INS–1 Bके बाद, पृथ्वी का अवलोकन करके 714

किलो कार्टोसेट 2 श्रृंखला का एक उपग्रह लॉन्च किया। इसके बाद 664 किलोग्राम वजन वाले 103 सहयात्री उपग्रहों को इंजेक्ट करने के लिए भेजा गया।

2- उत्तर पूर्व में आपदाओं का मानचित्रण करने में इसरो ड्रोन मदद करते हैं

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) उपग्रहों में उत्तर पूर्वी राज्यों में आपदाओं का मानचित्रण करके और रिमोट सेंसिंग डेटा से जोड़कर ड्रोन का उपयोग कर रहा है। इस संबंध में, इसरो के शिलांग आधारित उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एनआई एसएसी) ने विभिन्न समस्याओं और आपदाओं को मापने के लिए मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) का परीक्षण किया है।

मुख्य तथ्य यह है कि एनआई एसएसी ने यूएवी के डिजाइन और संयोजन के लिए पहल की है, पूर्वोत्तर क्षेत्र में कई क्षेत्रीय समस्याओं का आकलन करने के लिए विभिन्न अनुप्रयोग भी किया गया है। यूएवी आपदा प्रवण या भौतिक रूप से पहुंचने योग्य क्षेत्रों के लिए कुशल सर्वेक्षण कर सकते हैं। यह बाढ़, भूस्खलन और भूकंप के त्वरित नुकसान का मूल्यांकन कर सकता है और समय पर राहत उपायों को सक्षम बना सकता है। ये ड्रोन स्थल आधारित विवरण प्रदान करते हैं जो आम तौर पर इसरो के रिमोट सेंसिंग उपग्रहों के डेटा के साथ जुड़े होते हैं।

हाल ही में उनका उपयोग एनएच 40 मेघालय की जीवन रेखा के साथ भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र को मापने के लिए किया गया था। इसने असम के नारमारी गांव में कीट से प्रभावित धान के खेतों में होने वाली क्षति का आंकलन भी किया।

उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एनआई एसएसी)

एनआई एसएसी, अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) और उत्तर पूर्वी परिषद की संयुक्त पहल है। इसे वर्ष 2000 में शुरू किया गया था। यह उमियाम (शिलांग के नजदीक), मेघालय में स्थित है। इसका उद्देश्य अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित संचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग कर उत्तर पूर्वी क्षेत्र में विकास सहायता प्रदान करना है। इसका जनादेश उच्च प्रौद्योगिकी आधारभूत संरचना का समर्थन करना है और उत्तर पूर्वी राज्यों को उनके विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को अपनाने में सक्षम बनाता है। एनआई एसएसी रिमोट सेंसिंग, उपग्रह संचार, जीआईएस का उपयोग करके विशिष्ट अनुप्रयोग परियोजनाओं का उपक्रम करके विकास सहायता प्रदान करता है और अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान आयोजित करता है।

3. आईआईएस-सी के शोधकर्ताओं ने किफायती और संवेदनशील सीओ सेंसर विकसित किए



भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएस–सी) बेंगलुरू के शोधकर्ताओं द्वारा पर्यावरणीय प्रदूषण निगरानी में संभावित अनुप्रयोगों के साथ एक अत्यधिक संवेदनशील और कम लागत वाले नैनोमीटर पैमाने पर कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) सेंसर विकसित किया है। सेंसर कोफैब्रिकेशन तकनीक नामक इस अनोखी पहल को विकसित किया गया, जिसमें महंगा और समय लेने वाली लिथोग्राफी तकनीक शामिल नहीं है।

कार्बन मोनोअ,क्साइड (CO)

कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) सीओ एक रंगहीन, गंधरहित गैस है। ज्यादा सांस लेने पर यह हानिकारक है, COका सबसे बड़ी स्रोत उपलब्धि है, जुलाई 2016 के बाद 188 कारों, ट्रकों और जीवाश्म ईंधन को जलाने वाली अन्य वाहनों या मशीनरी के आन्तरिक दहन (आईसी) इंजनों में भारतीय योगदान के रूप में है। COकी उच्च सांद्रता में सांस लेने से ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है जिससे रक्त प्रवाह को हृदय और मस्तिष्क जैसे महत्वपूर्ण अंगों में ले जाया जा सकता है।

मुख्य तथ्य

नैनोमीटर आकार का सेंसर एक सिलिकॉन वेफर सब्सट्रेट पर जिंक–ऑक्साइड (दव) नैनोस्ट्रक्चर का उपयोग करके बनाया गया था। छोटे पॉलीस्टीरिन मोती भी वेफर पर उपयोग किए जाते थे। इन मोतियों को पहले ऑक्सीकरण सिलिकॉन वेफर पर रखा गया था जिसे हेक्सागोनल क्लोज पैक संरचना कहा गया। इसमें वेफर और मोती के बीच वैक्यूम का उचित स्तर बनाए रखा जाता है। उच्च वोल्टेज पर यह मोती की सतहों को दूर करता है जब तक कि मोती के बीच वांछित मोटाई का अंतर कम न हो जाए। फिर ZnOसिस्टम पर इसे जमा किया जाता है। यह मोतियों के बीच की जगहों पर स्थान आच्छादित करता है, जो नैनो–जाल जैसे शहद का निर्माण करता है और नैनोसेंसर के रूप में कार्य कर सकता है।

महत्व

नैनोमीटर पैमाने वाले COसेंसर, COस्तर पर 500 बिल प्रति अरब (PPB) के रूप में कम अंतर का पता लगाने में सक्षम है। अन्य गैसों की उपस्थिति में भी COका चयन किया जा सकता है। यह नैनोस्ट्रक्चर गैस सेंसर बनाने में शामिल समय और लागत में भी काफी कटौती करता है।

4. आईआईएस-सी के वैज्ञानिकों ने ई. कोलाई जीवाणु का पता लगाने के लिए सेंसर विकसित किया

भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएस–सी) में वैज्ञानिकों के एक समूह ने खाद्य और पेयजल में हानिकारक ई. कोलाई जीवाणु की उपस्थिति का पता लगाने के लिए एक सेंसर को सफलतापूर्वक विकसित किया है।

सेंसर को एक प्रकाश संवेदनशील ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग करके डिजाइन किया गया है और इसे 'बेयर फाइबर ब्रैग ग्रेटिंग (बीएफबीजी) सेंसर कहा जाता है, जिसे ई. कोलाई जीवाणु के लिए विशिष्ट एंटीबॉडी के साथ लेपित किया जाता है।

तरंगदैर्ध्य के बैंड को शामिल करने वाली रोशनी का एक किरण पुंज ठथ्ठळ सेंसर के माध्यम से पारित किया जाता है, जो प्रकाश की एक विशेष तरंग दैर्ध्य को दर्शाता है। जब एक नमूने के संपर्क में आने पर ई. कोलाई जीवाणु की कोशिकाएं मौजूद होती हैं, तो ये कोशिकाएं विशेष रूप से सेंसर से बँध जाती हैं।

5. म,नसून पूर्वानुमान करने के लिए म,डल

आईआईएस–सी के वैज्ञानिकों ने उपग्रह छवियों का उपयोग करके वास्तविक समय में स्थानीयकृत भूमि क्षेत्रों में वर्षा का पता लगाने के लिए एक नए मॉडल का भी प्रस्ताव दिया है।

सिविल इंजीनियरिंग विभाग आईआईएस–सी के डॉ. जे. इंदु और प्रोफेसर डी. नागेश कुमार ने सैटेलाइट माइक्रोवेव सेंसर डेटा से मॉडल विकसित किया है। उनका शोध कार्य हाल ही में हाइड्रोलॉजिकल साइंसेज जर्नल में प्रकाशित किया गया था।

टीम ने महानदी बेसिन क्षेत्र में अपना शोध किया जो बड़े पैमाने पर बाढ़ के लिए उन्मुख है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, इस तरह के विविध क्षेत्र में अवलोकनों का उपयोग वर्षा का पता लगाने के लिए आधुनिक अंकगणित में सुधार के लिए किया जा सकता है।

6. विरोधी विकिरण मिसाइल जल्द ही उड़ान परीक्षणों का अवलोकन करेंगे

इस साल अप्रैल–मई के लिए एक उन्नत, अत्याधुनिक एंटी–रेडिएशन मिसाइल (एआरएम) की कैप्टिव उड़ान परीक्षण की योजना बनाई गई, जिसका रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के मिसाइल प्रौद्योगिकीविदों द्वारा साल के अंत तक पहला उड़ान परीक्षण था।

रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला द्वारा विकसित की जाने वाली यह वायु–से–सतह सामरिक मिसाइल राडार और संचार सुविधाओं का उपयोग करके दुश्मन की वायु रक्षा क्षमताओं पर नजर रखेगी। इस मिसाइल की सीमा 100 से 125 किमी है और इसे लड़ाकू विमान सुखोई (सु –30) और तेजस–लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट पर रखा जाएगा। मिसाइल उन्हें नष्ट करने के लक्ष्य पर राडार और संचार सुविधाओं और घरों के विकिरण या संकेतों को प्राप्त करती है।

डीआरडीओ स्रोतों के मुताबिक, वैज्ञानिक, इस उड़ान परीक्षण के दौरान नेविगेशन नियंत्रण प्रणाली, संरचनात्मक क्षमता और वायुगतिकीय कंपन के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेंगे। इसके बाद स्थलीय परीक्षण और मिसाइल को साल के अंत तक वास्तविक उड़ान परीक्षण SU-30 से किया जाएगा। जोर से धक्का देने के बजाय, मिसाइल LR-SAM के मामले में दोहरी स्पन्द संचालन प्रणाली का उपयोग करती है। दोहरी स्पन्द संचालन आवरण के साथ–साथ मिसाइल की कार्य क्षमता को बड़ा कर देगा। सूत्रों ने बताया कि पहली स्पन्द का उपयोग करके आवश्यक अवधि के लिए मिसाइल को आवश्यक अवधि के लिए मिसाइल पर तट डालने के बाद, दूसरे स्पंदन के अंतराल से पहले या टर्मिनल चरण के दौरान शुरू किया जाएगा।

पूरी मिसाइल स्वदेशी रूप में विकसित की जा रही है, जिसमें साधक भी शामिल है। मिसाइल को कई विकास परीक्षणों के संचालन के बाद लगभग दो वर्षों में शामिल किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि अमेरिका और जर्मनी समेत कुछ देशों में ।त्ड हैं। दोहरी स्पन्द संचालन प्रणाली को अन्य हवा से सतह और हवा से हवा तक मिसाइलों के साथ जोड़ा जा सकता है।

इस बीच, भारत और इजराइल द्वारा संयुक्त रूप से विकसित LR-SAM (लम्बी दूरी सतह से हवा मिसाइल) इस वर्ष सितंबर–अक्टूबर से शुरू होगी। पिछले साल एक हवाई लक्ष्य को रोकने के लिए आईएनएस कोलकाता से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था और इस साल के अंत में इसी तरह के परीक्षणों के लिए युद्धपोत, आईएनएस कोच्चि और आईएनएस चेन्नई से मिसाइल लॉन्च की जाएगी।

7. नए अध्ययन के अनुसार विज्ञान का ज्योतिष के साथ जुड़ाव हैः भूकंप का कारण ग्रह होते हैं

भूकंप की भविष्यवाणी हमेशा एक संशयात्मक विज्ञान रही है, लेकिन भारतीय विशेषज्ञों के एक समूह का दावा है कि उन्हें इस संबंध में एक संभावित समाधान मिल गया है। वे 2016 के लिए ''भूकंप–संवेदनशील'' दिनों की एक सूची के साथ आए हैं और यह भी दावा करते हैं कि जनवरी के लिए उनकी अनुमानित भूकंप की तारीखें मान्य हैं। रांची के मेसरा में बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के जग्नाथन चक्लिंगम और उनके दो सह–लेखकों ने एक अध्ययन में पाया कि पृथ्वी पर कक्षीय असंगति पैदा करने वाले ग्रहों की कॉन्फिगरेशन के बहुत स्पष्ट सबूत हैं, जो अंततः भूकंप उत्पन्न करते हैं। ज्योतिष से प्रेरित, चक्लिंगम और उनकी टीम यह जांचना चाहती थी कि भूकंप और ग्रहों के बीच कोई संभावित संबंध है या नहीं। 2004 के सुनामी के बाद उन्होंने अपने अवलोकनों को गंभीरता से शुरू किया, जिसमें ग्रह, विन्यास और प्रमुख भूकंप को समझने के लिए भारत, इंडोनेशिया और श्रीलंका में हजारों लोगों की मौत हो गई। अध्ययन में कहा गया है कि बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेप्च्यून जैसे बड़े ग्रहों के बीच गुरुत्वाकर्षण बातचीत अदृश्य परिणामस्वरूप गुरुत्वाकर्षण वैक्टर (आईआरजीवी) बनाती है जो एक आंतरिक ग्रह को पार करते समय एक अव्यवस्थित ग्रह ग्रह के रूप में कार्य करता है। ''जब भी हमारी धरती इन आईआरजीवी को पार करती है, वहां हमेशा बड़े भूकंप आते थे। रिमोट सेंसिंग, जीआईएस और भूगोल में अंतर्राष्ट्रीय जर्नल ऑफ एडवांस के नवीनतम अंक में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि अन्य आंतरिक ग्रहों के पारगमन ने भी इसी तरह के परिणाम दिखाए हैं।

अध्ययन में कहा गया है कि शोधकर्ताओं ने लगातार एक विशेष ग्रह विन्यास और भूकंप के बीच एक लिंक की पहचान की, उन्होंने कहा कि भूकंप में उनके योगदान के लिए भी सरल दो ग्रहों के संरेखण की जांच की गई। कुल मिलाकर, प्रत्येक संभावित कॉन्फिगरेशन की स्पष्टीकरण क्षमताओं को गंभीर रूप से अवलोकन किया गया था और हम उम्मीद करते हैं कि मौजूदा अध्ययन भूकंप, गुरुत्वाकर्षण विसंगतियों और उनकी भविष्यवाणी के क्षेत्र में एक नया आयाम देगा। चक्लिंगम के अनुसार, उनके अध्ययन ने 2016 के लिए संवेदनशील दिनों की भविष्यवाणी की और शोधकर्ता वास्तविक अवधारणाओं के आधार पर हमारी अवधारणाओं और परिणामों को मान्य कर सकते हैं। लेखकों ने सौर मंडल को एक गुरुत्वाकर्षण झील के रूप में देखा, जिसमें बहुत अधिक गुरुत्वाकर्षण तरंगें (महासागर की तरह बड़ा) है और यह समुद्र में यात्रा करने वाले जहाज की तरह सूर्य के चारों ओर अपनी कक्षा के दौरान प्रत्येक ग्रह इन तरंगों में यात्रा करता है। उनकी धारणा के अनुसार, इन गुरुत्वाकर्षण तरंगों में स्थानिक और अस्थायी रूप से वृद्धि और कमी हो सकती है। ''प्रमुख ग्रहों के सभी संयोजनों के परिणामस्वरूप परिणामी गुरुत्वाकर्षण वैक्टर (आरजीवी) के सभी स्थानिक स्थानों की पहचान की गई। अध्ययन से पता चला कि जब एक ग्रह वेक्टर उन आरजीवी को

पार करता है, तो गुरुत्वाकर्षण लहर पैदा होती है और यह पृथ्वी के कक्षीय पथ को परेशान करती है और इसलिए पृथ्वी की सतह पर भूमिगत भूमि के गति प्रक्रिया को बदल देती है'' ऐसा अध्ययन में कहा गया है।

8. साइकस की दो नई प्रजातियों की खोज

आचार्य जगदीश चंद्र बोस द्वारा भारतीय वनस्पति उद्यान, पश्चिम बंगाल में पाए गए एक अकेले पेड़ साइकसस्चानी पर किए गए शोध ने दुनिया के लिए साइकस की दो नई प्रजातियों का खुलासा किया है। इस खोज से, भारत में पाए गए साइकस प्रजातियों की कुल संख्या 14 हो गई है।

साइकस

साइकस सबसे प्राचीन पौधों में से एक है जिनके जीवाश्म जुरासिक काल के समय के पाए जाते हैं। उन्हें अक्सर जीवित जीवाश्म के रूप में जाना जाता है। वे पृथ्वी पर पहले बीज वाले पौधों के रूप में विकसित हुए हैं और वे धीरे–धीरे बढ़ते हैं, हर साल ये केवल कुछ सेंटीमीटर तक ही बढ़ पाते हैं। लगभग 65% साइकस संकट में हैं। दुनिया भर में साइकस की 100 से अधिक प्रजातियां पाई गई हैं।

मुख्य तथ्य

अकेले साइकसस्चानी पेड़ के प्रारंभिक अध्ययन से पता चला कि यह एक जिमनोस्पर्म था। इसके रचनात्मक और मोर्फोलॉजिकल पात्रों के आधार पर आगे के शोध ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में साइकसस्चानी की नई प्रजातियों की खोज और बाद में साइकसधर्मराजी की खोज की।

साइकसधर्मराजी अपने विशाल मुख्य तने की असामान्य शाखा के स्वभाव और इसके सूजन आधार की विशेषता है। इसने मेगा स्पोरोफिल के शीर्ष में 10 से 28 हुक–जैसी संरचनाओं को अच्छी तरह से परिभाषित किया है जो इसे देश में पाए जाने वाले अन्य साइकस से अलग बनाता है। स्पोरोफिल बीजाणुधारक पौधे के पत्ते हैं जो बीमार मादा जननांग की तरह होते हैं। साइकस के स्पोरोफिल की विशेषता है कि इसमें दो पार्श्व सींग जैसी संरचनाओं की उपस्थित होते हैं।

9. रिलायंस जियो ने दुनिया की सबसे लंबी 100 जीबीपीएस पनडुब्बी केबल प्रणाली ल,न्च की

मुकेश अंबानी के नेतृत्व में रिलायंस जियोइन्फोकॉम ने एशिया–अफ्रीका–यूरोप (एएई–1) पनडुब्बी केबल सिस्टम लॉन्च किया है। यह दुनिया की सबसे लंबी 100 जीबीपी तकनीक आधारित पनडुब्बी प्रणाली होने का दावा किया जाता है। यह मार्सेल, फ्रांस से हांगकांग तक 25,000 किमी से अधिक तक फैला है। एशिया और यूरोप में 21 केबल लैंडिंग होंगे। इसका उपयोग करके, जियो अपने ग्राहकों को सबसे असाधारण हाई स्पीड इंटरनेट और डिजिटल सेवा अनुभव प्रदान करना जारी रखेगा।

मुख्य तथ्य

एएई –1 परियोजना यूरोप, मध्य पूर्व और एशिया के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं का संयोजन है। यह सभी वैश्विक बाजारों तक सीधी पहुंच प्रदान करने के लिए अन्य केबल सिस्टम और फाइबर नेटवर्क से सहजता से लिंक करेगा। इसमें एशिया (हांगकांग और सिंगापुर) में उपस्थिति के विविध बिंदु (पीओपी) की सुविधा होगी, यूरोप में तीन आगे कनेक्टिविटी विकल्प (फ्रांस, इटाल और ग्रीस)। केबल सिस्टम महत्वपूर्ण केंद्रों से गुजरता है, जो वीडियो केंद्रित डेटा बैंडविड्थ की मांग को पूरा करता है जो भारत के भीतर और उससे बाहर के सभी प्रकार के संचार, अनुप्रयोगों और सामग्री का समर्थन करता है।

एएई –1 प्रणाली का उन्नत डिजाइन और मार्ग हांगकांग, भारत, मध्य पूर्व और यूरोप के बीच सबसे कम विलंबता मार्गों में से एक प्रदान करेगा। इसका उपयोग करके, रिलायंस जियो एएई –1 केबल सिस्टम के लिए नेटवर्क ऑपरेशंस एंड मैनेजमेंट प्रदान करेगा।

इसका नेटवर्क ऑपरेशंस सेंटर (एनओसी) नवी मुंबई में कला सुविधा की स्थिति का उपयोग करेगा।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नई शब्दावली

1. निर्भय = उप–सोनिक क्रूज मिसाइल निर्भय भारत द्वारा विकसित एक लंबी दूरी, उप–सोनिक क्रूज मिसाइल, टॉमहॉक के बराबर है, यह रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है जो उप–सोनिक गति (कम से कम) ध्वनि की गति) से चलेगा।
2. NAG= एंटी–टैंक मिसाइल 'आग और भूल'। यह चार किमी दूर दुश्मन टैंक को नष्ट कर सकता है।
3. NAMICA= नाग मिसाइल वाहक

4. यह एनएजी मिसाइलों को ले जाने और लॉन्च करने का एक वाहन है
5. Helina= नाग के हेलीकॉप्टर से निकाल दिया संस्करण। हेलिना = हेलीकॉप्टर. नाग
6. LAHAT= लेजर होमिंग अटैक या लेजर होमिंग एंटी–टैंक मिसाइल एंटी–टैंकमिसाइल, अपग्रेड अर्जुन युद्ध टैंक में इस्तेमाल किया जाएगा।
7. ट्रोपेक्स –2012 = भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित रंगमंच की तैयारी और परिचालन अभ्यास। नए प्लेटफार्मों, हथियार सेंसर, संचार प्रणालियों और परीक्षणों का परीक्षण करने के लिए बेड़े की नेटवर्क लड़ाकू शक्ति को अनुकूलित करने के लिए रणनीतियां।
8. शूर वीर = 2012 में थार रेगिस्तान में लड़ाकू अभ्यास सीमा पार तेजी से कई जोर देने के लिए सेना की परिचालन तैयारी का परीक्षण करने के लिए इस्तेमाल किया गया। सेना और आईएएफ ने लड़ाकू विमान, मानवरहित हवाई वाहन और आक्रमणकारी हेलीकॉप्टरों का उपयोग करके केंद्रीकृत कमांड के लिए प्रदान किए गए युद्ध क्षेत्र की वास्तविक समय तस्वीरों के साथ नई लड़ाई लड़ने की अवधारणाओं का परीक्षण किया। राष्ट्रीय बड़े सौर टेलीस्कोप (एनएलएसटी) = विज्ञान विभाग द्वारा स्थापित दुनिया की सबसे बड़ी सौर दूरबीन और प्रौद्योगिकी, लद्दाख में। इसका उद्देश्य सूर्य की सूक्ष्म संरचना का अध्ययन करना है।
9. RISAT1 = RISAT1 भारत का पहला रडार इमेजिंग उपग्रह है। यह सभी मौसम की स्थिति के तहत दिन और रात दोनों के दौरान पृथ्वी की सतह को स्कैन कर सकता है। यह धान की निगरानी और बाढ़ और चक्रवात जैसे प्राकृतिक आपदा के 195 प्रबंधन में मदद करेगा।
10. इसरो का 100 वां मिशन = PSLV–C21 रॉकेट का उपयोग करके, इसरो ने आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा से दो विदेशी उपग्रहों को लॉन्च किया स्पॉट 6% फ्रांसीसी उपग्रह प्रोटेरेसः सतीश धवन स्पेस सेंटर से जापानी माइक्रो उपग्रह,
11. प्रोजेक्ट ग्लास = Googleद्वारा एक शोध और विकास कार्यक्रम। यह सामान्य चश्मा की एक जोड़ी जैसा दिखता है जहां लेंस को हेड–अप डिस्प्ले द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है। प्रोजेक्ट ग्लास एक पहनने योग्य कंप्यूटर है जो स्क्रीन के माध्यम से जानकारी प्रदान नहीं करता है, बल्कि आपकी ''आंखों'' के माध्यम से प्रदान करता है। यह आपको स्मार्टफोन और खोज करने के बारे में जानने के बिना आपके आस–पास के बारे में डेटा देता है। उदाहरण के लिए, यदि आप एक किताबों की दुकान में जाते हैं, तो गूगल ग्लास आपको जगह का एक इनडोर मानचित्र प्रदान करने में सक्षम होगा और आपको अपनी वांछित पुस्तक पर ले जाएगा।

12. ग्लिवेकः = रक्त कैंसर की दवा नोवार्टिस इस दवा के लिए भारत में एक पेटेंट का मामला लड़ रही है। ग्लिवेक के उपचार में प्रति मरीज प्रति माह 1,20,000 रुपये खर्च आता है। लेकिन नोवार्टिस ने यह बरकरार रखा है कि वे जरूरतमंद मरीजों को यह दवा मुफ्त में देते रहेंगे।

₹250.00
ISBNXXXXXXXXX